**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण,न्यायाधीश,ज्ञानशिखा टाइम,तरुण मित्र,आज,परफेक्ट मिशन,हिंदुस्तान, राष्ट्रीय सहारा,जनसन्देश टाइम्स, जागरुक एक्सप्रेस ," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 01.03.2025

### कांशीराम आवास योजना के निरीक्षण में मिले सुझावों के आधार पर होंगे विकास कार्य

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी**। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को कांशीराम आवासीय योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिले सुझावों के आधार पर वाराणसी विकास प्राधिकरण शीघ्र ही पार्कों और सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य शुरू करेगा। पार्कों में हरे-भरे पौधे, पेड़-पौधों की उचित देखभाल, बैठने की समुचित व्यवस्था और बच्चों के खेलने के स्थानों का विकास किया जाएगा।

उधर, सिकरौल वार्ड की लालपुर आवासीय योजना के प्रथम चरण में विधाता सिंह की ओर से बगैर नक्शा पास कराए निर्माण कराने पर वीडीए टीम ने इसे सील कर दिया। ज़ोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा के अनुसार सील की कार्रवाई कर इसे पुलिस अभिरक्षा में दिया गया है। आम जनता से अपील की कि बगैर नक्शा पास कराए किसी भी प्रकार का निर्माण न कराएं।

### आवेदनों को समय से निस्तारण पर जोर दिया

**वाराणसी**। उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम के लिए वीडीए में शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी प्रशासनिक सुधार विभाग की निरीक्षक प्रज्ञा सिंह ने आवेदनों को समय से निस्तारण पर जोर दिया। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि यह प्रशिक्षण अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने में सहायक होगा। ब्यूरो

## अमर उजाला –दि0 01.03.2025

### वीडीए के सेवानिवृत्त कर्मचारी के लिए विदाई समारोह

**वाराणसी**। वीडीए में शुक्रवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी जयनाथ मौर्या का विदाई समारोह हुआ। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पित सेवा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


दैनिक जागरण –दि0 01.03.2025

## काशीराम आवासीय योजना का जीर्णोद्धार कराएगा वीडीए

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को कांशीराम आवासीय योजना का निरीक्षण किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन तैयार किए गए थे। निरीक्षण के दौरान पार्कों और सड़कों की स्थिति काफी खराब मिलीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि से शीघ्र जीर्णोद्धार किया जाए।

उन्होंने कहा कि इन सुधार कार्यों का उद्देश्य शिवपुर क्षेत्र के निवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अजय पवार और अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मिले सुझावों के आधार पर पार्कों और सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य शुरू होगा।

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज –दि0 01.03.2025

## विप्रामें हुई कार्यशालामें प्रतिक्षित हुए अधिकारी और कर्मचारी

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गके निर्देशपर शुक्रवारको विप्रा सभागारमें अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित की गयी। यह कार्यशाला प्रमुख तौरपर अधिकारियों और कर्मचारियों को आने वाले आगंतुओं और नागरिकोंके साथ व्यवहार कुशल निभानेके लिए प्रतिक्षण



दिया गया। जिसमें मुख्यत: आम नागरिक मानचित्र निस्तारण सम्पत्तियोंके आवंटन और जमा धनराशि की वापसी, भूखण्डों को फ्री होल्ड, अभिलेखों की नकल, सेवानिवृत्त कर्मचारियोंके पेंशन संबंधी विषय था। कार्यशालामें आनलाइन पोर्टलपर संचालित व्यवस्थाको गुणवत्तायुक्त समयबद्ध तरीकेसे आवेदकोंको सही जवाब दिया जाय। इसके अलावा शिकायक प्रकरणोंके अनुसार पावती पत्र जैसे कोई नागरिक विप्राके किसी विषय को लेकर लिखित शिकायत कर्ता है तो उसे पावती दिया जाना आवश्यक है। इसके अलावा शिकायककर्तोंके आवेदनको रजिस्टरमें अंकित किया जाय। इसके लिए जनहित गारंटी अधिनियम २०११ में इसका प्रावधान है। राजकीय कार्यालय प्रशासनिक सुधार विभाग की नोडल अधिकारी प्रज्ञा सिंह ने बताया कि कर्मचारियों को जनहित में गारंटी अधिनियम के प्रावधानके संबंध में जानकारी होना आवश्यक है। सही जानकारी न होने से नागरिक और संबंधित कर्मचारी या अधिकारी के बीच समन्वय स्थापित न होने से आवश्यक कार्योंमें विलंब होता है। उचित है कि समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त ध्यानमें रखकर व्यवहार कुशल बना जाय। कार्यशालामें वीडीए के सचिव डाक्टर वेदप्रकाश मिश्रा, नोडल अधिकारी अपर सचिव परमानन्द यादव के अतिरिक्त अनुभागा अध्यक्ष जोनल अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज –दि0 01.03.2025

## काशीराम आवासके मूलभूत समस्याका शीघ्र होगा निस्तारण–पुलकित गर्ग

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने काशीराम आवासीय योजनाका निरीक्षण किया। इस योजनामें १५०० भवन प्रथम चरणमें इतनी द्वितीय चरणमें इस प्रकार यहांपर लगभग ३००० हजार आवास तैयार किये गये थे लेकिन यहां की पार्कों और सड़कों और नालियोंकी खराब स्थितिको देखकर उन्होंने जीर्णोद्धार करनेका ठान लिया। इस क्रममें शुरू में पार्कों का जीर्णोद्धार किया जायेगा जिसमें शिवपुरके लोगोंको एक अच्छे वातावरणकी अनुभूति होगी। इसके अलावा सफाईको प्राथमिकता देते हुए सड़कों की मरम्मत और जल निकासी कार्यको प्राथमिकता दी जायेगा। जिससे यहां के निवासियों या आगंतुओंको किसी प्रकारका असुविधा न हो। इस दरम्यान अधीक्षण अभियंता अजय प्रवार और अवर अभियंता विजय सिंह को निर्देश दिया कि समयबद्ध तरीकेसे इस कार्यको गुणवत्तायुक्त कराया जाय। इस दौरान काशीराम आवासमें निवास कर रहे लोगोंने जलभराव और सफाई व्यवस्थाके विषय में उपाध्यक्षसे शिकायत की। उन्होंने लोगों आश्वस्त किया कि समस्याका शीघ्र समाधान कराया जायेगा। यहां की सड़कों का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। पार्कोंको हरे-भरे करनेके लिए और बच्चोंके खेलने के लिए सामग्री की व्यवस्था पार्क में की जायेगी।

आज–दि0 01.03.2025

## लालपुरमें निर्माणाधीन भवन सील

उपाध्यक्षके निर्देशपर शुक्रवारको शिवपुर में भवन स्वामी विधाता सिंहके प्लाट नंबर बी-६२ मौजा लालपुरमें बिना मानचित्र स्वीकृतिके तीन तले का भवन निर्माण किया जा रहा था। शिकायतके आधारपर मौकेपर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्र, अवर अभियंता प्रिया अंग्रहरी, क्षेत्रीय सुपरवाइजर और प्रवर्तन की टीम ने पहुंचकर भवन स्वामी से स्वीकृत मानचित्र मांगा। मानचित्र न प्राप्त होने पर जोनल अधिकारीने भवनको सील करानेके बाद संबंधित थानेकी अभिरक्षामें सौंप दिया।

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 01.03.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने कांशीराम आवासीय योजना का किया निरीक्षण

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा कांशीराम आवासीय योजना का निरीक्षण किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन, इस प्रकार कुल 3000 भवन तैयार किए गए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्कों और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पाया कि पार्कों और सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि से शीघ्र कार्यवाही की जाए और पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इन सुधार कार्यों का उद्देश्य शिवपुर क्षेत्र के निवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सड़कों की



मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। अधिकारियों की उपस्थितिनिरीक्षण के दौरान वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अजय पवार और अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपाध्यक्ष महोदय को आश्वस्त किया कि निर्देशों के अनुसार जल्द ही सुधार कार्य शुरू किए जाएंगे और क्षेत्र की अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। ।निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने भी अपनी समस्याएं उपाध्यक्ष के सामने रखीं, जिनमें जलभराव, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। श्री पुलकित गर्ग ने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जल्द शुरू होगा जीर्णोद्धार कार्यनिरीक्षण के दौरान मिले सुझावों के आधार पर वाराणसी विकास प्राधिकरण शीघ्र ही पार्कों और सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य शुरू करेगा। पार्कों में हरे-भरे पौधे, पेड़-पौधों की उचित देखभाल, बैठने की समुचित व्यवस्था और बच्चों के खेलने के स्थानों का विकास किया जाएगा।इसके साथ ही सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था को सुचारु करने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।


## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 01.03.2025


# वाराणसी विकास प्राधिकरण में जनहित गारंटी अधिनियम पर प्रशिक्षण आयोजित

वाराणसी । विकास प्राधिकरण में उ.प्र. जनहित गारंटी अधिनियम-2011 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और प्रथम अपीलों के समुचित क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण पूर्वाह्न 11ः00 बजे से अपराह्न 02ः00 बजे तक वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने की, जबकि अपर सचिव परमानंद यादव ने प्रशिक्षण के संचालन में सहयोग किया। इस दौरान श्रीमती प्रज्ञा सिंह, नोडल अधिकारी/निरीक्षक, राजकीय कार्यालय (प्रशासनिक सुधार विभाग) वाराणसी मण्डल, वाराणसी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जनहित गारंटी अधिनियम-2011 के तहत प्रक्रियाओं, पारदर्शिता और सुचारू क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए।प्रशिक्षण में वाराणसी विकास प्राधिकरण के पदाभिहित अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी, संबंधित पटल सहायक, जोनल, जेई, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आवेदनों के समयान्तर्गत निस्तारण एवं प्रक्रिया को और प्रभावी बनाये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई ।सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि यह प्रशिक्षण अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने में सहायक होगा, जिससे आमजन की समस्याओं का तेजी से समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी और कर्मचारी उक्त अधिनियम के तहत आने वाले प्रकरणों को गंभीरता से लें और आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता दें।अपर सचिव परमानंद यादव ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता को और विकसित करते हैं। उन्होंने अधिनियम की बारीकियों को समझने और उसके अनुसार कार्य करने पर जोर दिया।प्रशिक्षण में अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चितप्रशिक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि प्राधिकरण में तैनात सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी इस तरह के प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लें, ताकि जनहित गारंटी अधिनियम-2011 के अनुरूप कार्यों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उक्तअधिनियम के प्रावधानों को सही ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

## हिन्दुस्तान –दि0 01.03.2025

# विकास प्राधिकरण के कर्मचारी को दी गई विदाई

वाराणसी। वीडीए के सेवानिवृत्त कर्मचारी जयनाथ मौर्या को सहकर्मियों ने विदाई दी। शुक्रवार को वीडीए मुख्यालय में समारोह के दौरान वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने जयनाथ मौर्या को सम्मानित किया। इस दौरान अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, मंत्री अभिषेक सिंह और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिरुद्ध मौजूद थे।

## जागरूक एक्सप्रेस –दि0 01.03.2025

# वीडीए ने प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

जिला संवाददाता



वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में शुक्रवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण में उ.प्र. जनहित गांरटी अधिनियम-2011 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और प्रथम अपीलों के समुचित क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से 02 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान श्रीमती प्रज्ञा सिंह, नोडल अधिकारी/निरीक्षक, राजकीय कार्यालय (प्रशासनिक सुधार विभाग) वाराणसी मण्डल, द्वारा उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनहित गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी सबंधित अधिकारियों एंव कार्मिकों को उक्त अधिनियम के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। जनहित से जुड़े प्रकरणों जैसे मानचित्र निस्तारण, सम्पत्तियों का निस्तारण आवंटियो के जमा धनराशि की वापसी पर निर्णय, लीज भूखण्डों के फ्री होल्ड किये जाने हेतु कार्यवाही, अभिलेखों की प्रति/नकल की प्राप्त करने की कार्यवाही, सेवानिवृत्त कार्मिकों की पेंशन स्वीकृति, इत्यादि प्रकरणों में समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्राप्त आवेदन/शिकायत प्रकरणों की नियमानुसार पावती दिए जाने एवं नियत रजिस्टर में आवेदन/शिकायत दर्ज कराते हुये ससमय उक्त का निस्तारण करने के संदर्भ में जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के प्रावधानों से सभी सम्बन्धित को अवगत कराया गया। उक्त कार्यशाला में जनहित से जुड़ी सेवाओं एंव आनलाईन पोर्टल पर संचालित व्यवस्था को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण रूप से निस्तारित करते हुये आवेदक को समुचित माध्यम से अवगत कराना हेतु विहित प्रावधानों को समझाया गया।

## जागरूक एक्सप्रेस –दि0 01.03.2025

### कांशीराम आवासीय योजना का वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

वाराणसी (जागरुक एक्सप्रेस)। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा कांशीराम आवासीय योजना का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन, इस प्रकार कुल 3000 भवन तैयार किए गए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्कों और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पाया कि पार्कों और सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि से शीघ्र कार्यवाही की जाए और पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इन सुधार कार्यों का उद्देश्य शिवपुर क्षेत्र के निवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।


## जनसंदेश टाइम्स –दि0 01.03.2025

### कांशीराम आवासीय योजना में पार्कों का जीर्णोद्धार

**कार्ययोजना**

**जल निकासी,सफाई और सड़कों की मरम्मत होगी प्राथमिकता**

**वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, देखी समस्या,सुने सुझाव**



**वाराणसी।** कांशीराम आवासीय योजना में पार्कों का जल्द जीर्णाद्धार होगा। जल निकासी,सफाई और-सड़को की जहां बेहतर मरम्मत होगी,वही प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य किया जाएगा। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग शुक्रवार को अचानक कांशीराम आवासीय योजना स्थल पर पहुंचे। जहां निरीक्षण कर समस्याओं को देखा और लोगों के सुझाव को सुना। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन, इस प्रकार कुल 3000 भवन तैयार किए गए थे। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने पार्कों और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया। जिसमें पाया कि पार्कों और सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवस्थापना निधि से शीघ्र कार्यवाही की जाए और पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य तत्काल शुरू किए जाने का निर्देश दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यों से जहां शिवपुर क्षेत्र के निवासियों को एक बेहतर सुविधा मिलेंगा,वही स्वच्छ वातावरण भी प्राप्त होगा। उन्होंने अधिकारियों से सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाने,सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

इस दौरान स्थानीय निवासियों ने वीडीए उपाध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जिनमें जलभराव, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। जिस पर उन्होंने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**जल्द शुरू होगा जीर्णोद्धार कार्य**

निरीक्षण के दौरान मिले सुझावों के आधार पर वीडीए शीघ्र ही पार्कों और सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य शुरू करेगा। पार्कों में हरे-भरे पौधे, पेड़-पौधों की उचित देखभाल, बैठने की समुचित व्यवस्था और बच्चों के खेलने के स्थानों का विकास किया जाएगा।

इस अवसर पर वीडीए के अधीक्षण अभियंता अजय पवार और अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था को सुचारु करने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 01.03.2025

# वीडीए ने आयोजित की प्रशिक्षण कार्यशाला



वाराणसी। वीडीए की ओर से शुक्रवार को उप्र जनहित गांरटी अधिनियम-2011 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और प्रथम अपीलों के समुचित क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें प्रज्ञा सिंह, नोडल अधिकारी/निरीक्षक, राजकीय कार्यालय (प्रशासनिक सुधार विभाग) वाराणसी मण्डल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनहित गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी, वही सभी सबंधित अधिकारियों एंव कार्मिकों को उक्त अधिनियम के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संदर्भ में प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस दौरान जनहित से जुड़े प्रकरणों जैसे मानचित्र निस्तारण और सम्पत्तियों का निस्तारण और आवंटियो के जमा धनराशि की वापसी पर निर्णय तथा लीज भूखण्डों के फ्री होल्ड किये जाने, अभिलेखों की प्रति/नकल की प्राप्त करने सहित सेवानिवृत्त कार्मिकों [illegible] समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जनहित से जुड़ी सेवाओं एंव आनलाईन पोर्टल पर संचालित व्यवस्था को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण रूप से निस्तारित करते हुये आवेदक को समुचित माध्यम से अवगत कराना हेतु विहित प्रावधानों को समझाया गया।

### आयोजन

### जनहित गारंटी अधिनियम के प्रावधानों की दी गई जानकारी

प्राप्त आवेदन /शिकायत प्रकरणों की नियमानुसार पावती दिए जाने एवं नियत रजिस्टर में आवेदन/शिकायत दर्ज कराते हुये समय से इसका निस्तारण करने के संदर्भ में जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के प्रावधानों से अवगत किया गया। इसके पूर्व कार्यशाला की शुरूआत वीडीए सचिव डा.वेद प्रकाश मिश्रा ने किया। इस [illegible] सचिव परमानन्द यादव के अतिरिक्त सम्बन्धित अनुभागाध्यक्ष, जोनल अधिकारी, अवर अभियन्ता, पटल सहायक आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश –दि0 01.03.2025

# वीडीए जोन-1 ने की अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम मे वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 वार्ड-शिवपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-सिकरौल के अंतर्गत विधाता सिंह, प्लाट नं- बी.62, मौजा-लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण, जिला- वाराणसी मे बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 227.00 वर्गमीटर में (छ3) भूतल पर भवन का निर्माण कर पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटरिंग का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओ के अन्तर्गत सील की कार्यवाही की गयी थी तथा सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा मे सुपुर्द किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा,अवर अभियंता प्रिया अग्रहरी प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदे तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करे अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी

न्यायाधीश –दि0 01.03.2025

## उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा कांशीराम आवासीय योजना का किया गया निरीक्षण



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा कांशीराम आवासीय योजना का निरीक्षण किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन, इस प्रकार कुल 3000 भवन तैयार किए गए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्को और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग ने पाया कि पार्को और सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि से शीघ्र कार्यवाही की जाए और पार्को का जीर्णोद्धार कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इन सुधार कार्यो का उद्देश्य शिवपुर क्षेत्र के निवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अजय पवार और अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपाध्यक्ष महोदय को आश्वस्त किया कि निर्देशों के अनुसार जल्द ही सुधार कार्य शुरू किए जाएंगे और क्षेत्र की अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

न्यायाधीश –दि0 01.03.2025

## वाविप्रा में उ0प्र0 जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के सन्दर्भ में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित




वाराणसी ।उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम मे आज दिनांक 28.02.2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण में उ.प्र. जनहित गांरटी अधिनियम-2011 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और प्रथम अपीलों के समुचित क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्वाहन 11 बजे से 02 बजे तक आयोजित किया गया प्रशिक्षण के दौरान श्रीमती प्रज्ञा सिंह, नोडल अधिकारी/निरीक्षक, राजकीय कार्यालय (प्रशासनिक सुधार विभाग) वाराणसी मण्डल, द्वारा उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनहित गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी संबंधित अधिकारियों एंव कार्मिकों को उक्त अधिनियम के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान नोडल अधिकरी/अपर सचिव परमानन्द यादव के अतिरिक्त सम्बन्धित अनुभागाध्यक्ष, जोनल अधिकारी, अवर अभियन्ता एवं समस्त पटल सहायक उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन–दि0 01.03.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने कांशीराम आवासीय योजना का किया निरीक्षण

परफेक्ट मिशन



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को कांशीराम आवासीय योजना का निरीक्षण किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन, इस प्रकार कुल 3000 भवन तैयार किए गए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्कों और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष पुलकित्त गर्ग ने पाया कि पार्कों और सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि से शीघ्र कार्यवाही की जाए और पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इन सुधार कार्यों का उद्देश्य शिवपुर क्षेत्र के निवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। अधिकारियों की उपस्थितिनिरीक्षण के दौरान वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अजय पवार और अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि निर्देशों के अनुसार जल्द ही सुधार कार्य शुरू किए जाएंगे और क्षेत्र की अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने भी अपनी समस्याएं उपाध्यक्ष के सामने रखीं, जिनमें जलभराव, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। पुलकित गर्ग ने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जल्द शुरू होगा जीर्णोद्धार कार्य, निरीक्षण के दौरान मिले सुझावों के आधार पर वाराणसी विकास प्राधिकरण शीघ्र ही पार्कों और सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य शुरू करेगा। पार्कों में हरे–भरे पौधे, पेड़–पौधों की उचित देखभाल, बैठने की समुचित व्यवस्था और बच्चों के खेलने के स्थानों का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था को सुचारु करने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 01.03.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने कांशीराम आवासीय योजना का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को कांशीराम आवासीय योजना का निरीक्षण किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन, इस प्रकार कुल 3000 भवन तैयार किए गए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्कों और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पाया कि पार्कों और सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि से शीघ्र कार्यवाही की जाए और पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

तरूण मित्र –दि0 01.03.2025

## वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कांशीराम आवासीय योजना का किया निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कांशीराम आवासीय योजना का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में 1500 भवन और द्वितीय चरण में भी 1500 भवन, इस प्रकार कुल 3000 भवन तैयार किए गए थे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्कों और सड़कों की स्थिति का जायज़ा लिया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने इस दौरान पाया कि पार्कों और सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि से शीघ्र कार्यवाही की जाए और पार्कों का जीर्णोद्धार कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इन सुधार कार्यों का उद्देश्य शिवपुर क्षेत्र के निवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सड़कों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। अधिकारियों की उपस्थिति निरीक्षण के दौरान वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अजय पवार और अवर अभियंता विजय सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपाध्यक्ष महोदय को आश्वस्त किया कि निर्देशों के अनुसार जल्द ही सुधार कार्य शुरू किए जाएंगे और क्षेत्र की अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने भी अपनी समस्याएं वीडीए उपाध्यक्ष के सामने रखीं, जिनमें जलभराव, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। पुलकित गर्ग ने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग काशीराम आवासीय योजना का औचक निरीक्षण करते हुए